अप्रैल 2021

Agra SMART CITY

आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड

2nd रैंक

30,अप्रैल 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग

कोविड कंट्रोल रूम के नंबर

सीएमओ कार्यालय– 0562 5600508, 0562 –2600412

टीकाकरण सैंपलिंग होम आइसोलेशन कोविड कंट्रोल रूम 0562 2551601

बेड, एम्बुलेंस, मरीजों की शिफ्टिंग, ऑक्सिजन की आपूर्ति, दवाओं के लिए।

तोरा गांव में बेहतर कार्य।

स्मार्ट सिटी के तहत ताजगंज के 09 वार्डों के साथ–साथ 05 गांव, जो कि ए0बी0डी0 की सीमा में सम्मिलित है, कार्य कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में तोरा गांव में भी विकास कार्य कराये जा रहे हैं, जैसे–पेयजल आपूर्ति, सीवर कार्य, बरसात के जल की निकासी आदि। साथ ही सड़क निर्माण कार्य भी किया जायेगा। अवैध अतिक्रमण के चलते कुछ कार्यों में विलम्ब हो रहा है।

इससे पूर्व गांव में स्मार्ट सिटी की ओर से अवैध अतिक्रमणों को हटाकर बेहतर कार्य किया गया।

स्मार्ट सिटी के परियोजना के तहत होने वाले कुछ कार्य अवैध कब्जों के कारण नहीं हो पा रहे हैं।

मण्डलायुक्त, आगरा ने स्मार्ट सिटी के सभागार में हुयी बैठक के दौरान अवैध कब्जों को हटाने के लिए उपजिलाधिकारी, सदर को लेखपाल नियुक्ति के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जों के लिए एक लेखपाल की नियुक्ति अलग से की जाये, जिससे तहसील में कार्य प्रभावित न हो और अवैध कब्जों का कार्य भी देखा जा सके, जिससे अवैध कब्जों से संबंधित समस्याओं का निराकरण शीघ्र–अति शीघ्र हो सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही न की जाये। जिन जगहों पर अवैध कब्जे हैं, उनको जल्द से जल्द चिन्हित कर सूची बनायी जाये तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को सौंपी जाये। सूची प्राप्त होने के बाद तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जों को हटाने का कार्य किया जाये।

जिलाधिकारी, आगरा ने दिया मेडिकल प्रबंधन प्रशिक्षण।

कोरोना महामारी से निपटने के लिए कोविड कंट्रोल रूम आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यालय में बनाया गया है, जो नगर निगम, आगरा के परिसर में स्थित है। जिलाधिकारी, आगरा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियो को प्रशिक्षण दिया। आम लोगो की मदद कैसे करनी है, उनके साथ किस प्रकार का व्यवहार करना है, किन विभागों, अस्पतालों के अभाव में जानकारी देकर उनको भर्ती किया जाए। उक्त विषयों के बारे में बताया गया। सभी को ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए।

24 घंटे तैनात रहेंगे निगम अधिकारी

आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत नगर निगम में कोविड सेंटर स्थापित किया गया, जिस हेतु जिलाधिकारी, आगरा ने 24 घंटे सुविधा दिए जाने के निर्देश दिए।

कोरोना काल में जनता की मदद करने के लिए कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर में नगर निगम अधिकारियों की तैनाती की गयी है। इसमें चार अधिकारियों को तीन शिफ्ट में तैनात किया गया है, जिसमें विधुत शवदाहगृह की जिम्मेदारी सी0पी0 सिंह को सौंपी गयी है एवं विजय कुमार, मुनिश राज (परियोजना अधिकारी) को अन्य शिफ्ट में तैनात किया गया है।



स्मार्ट सिटी कार्यालय में हुआ सैनिटाईजेशन।

स्मार्ट सिटी कार्यालय में कर्मचारियों की कोविड–19 जांच करायी गयी, जिसके तहत ऐंटीजन एवं आरटीपीसीआर दोनो जाचें करायीं। लगभग 50 कर्मचारियों की जांच हुयी, जिसमें सभी की जांच रिपोर्ट नैगेटिव आयी। बता दें कि जांच से पूर्व एक अधिकारी की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। ऐहतियात बरतते हुए सभी कर्मचारियों की जांच करायी गयी। इसके बाद परिसर को सेनिटाईज भी किया गया।

ए से डी सीरीज के वाहन हुए जब्त।

कमांड एण्ड कंट्रोल रूम से ए से डी सीरीज के वाहन जब्त हुए।

शहर की सड़कों पर 15 साल पुराने यूपी एटी एबी सीडी सीरीज के वाहनों को कंट्रोल एण्ड कमांड सेंटर की सहायता से जब्त किया गया। इन वाहनों को जब्त करने के बाद नष्ट कर दिया जाएगा। वाहन चालक पर जुर्माना लगाया गया, शहर में ऐसे 68000 वाहन हैं, जो स्मार्ट सिटी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कैमरे की पकड़ में आए हैं। साथ ही क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात पुलिस विभाग की टीम ने 15 साल पुराने वाहनों को जब्त करने का अभियान चलाया है। स्मार्ट सिटी कार्यालय में मण्डलायुक्त, आगरा ने 15 साल पुराने वाहनों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे, उन्होंने कहा कि कमांड सेंटर के जरिए इन वाहनों को जब्त किया जाये।